छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा

(छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, छ.ग. कर्मचारी अधिकारी महासंघ, छ.ग. मंत्रालयीन कर्मचारी संघ एवं समस्त कर्मचारी सगठनों का संयुक्त फोरम)

क्रमांक ....   दिनांक 30/06/2023

हड़ताल के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश

प्रिय साथियों,

अत्यंत हर्ष के साथ अवगत हो कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष करने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ, छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संध एवं प्रदेश के समस्त कर्मचारी/अधिकारी संगठनों के प्रांत संयोजकों एवं प्रांत अध्यक्षों की संयुक्त बैठक दिनांक 23 जून को इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में रखी गई थी। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के बैनर के तहत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख मांगे :-

1. छठवे वेतनमान के आधार पर देय गृह भाड़ा भत्ते को सातवें वेतनमान के आधार पर केन्द्रीय दर पर पुनरीक्षित किया जावे।
2. राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जावे।
3. प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर गठित पिंगुआ कमेटी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में वेतन विसंगति हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जावे।
4. कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु राज्य के समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान क्रमशः 08, 16, 24 एवं 30 वर्ष की सेवा अवधि उपरांत किया जावे एवं अनियमित , संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित किया जावे।
5. पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने हेतु प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की जावे एवं पूर्ण पेंशन का लाभ अर्हतादायी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष किया जावे।

चरणबद्ध आंदोलन तिथि

प्रथम चरण:-

07 जुलाई, 2023 – प्रदेश के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी एक दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर ब्लाक/तहसील एवं जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन करेंगे।

द्वितीय चरण :-

01 अगस्त, 2023 – अनिश्चितकालीन आंदोलन ।

CamScanner

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा

(छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, छ.ग. कर्मचारी अधिकारी महासंघ, छ.ग. मंत्रालयीन कर्मचारी संघ एवं समस्त कर्मचारी सगठनों का संयुक्त फोरम)

क्रमांक .... दिनांक 30/06/2023

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार उपरोक्त मांगों एवं चरणबद्ध आंदोलन के संबंध मुख्य सचिव, छत्तीसगढ शासन को विधिवत सूचना दिनांक 23 जून 2023 को दी गई है।मुख्य सचिव को प्रेषित हड़ताल सूचना की छायाप्रति अवलोकन हेतु संलग्न है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में उक्त आंदोलन को सफल बनाने के लिए में निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किये जाते है :–

1. आंदोलन जिला/ब्लॉक/तहसील स्तर पर आयोजित किया जावेगा।
2. जिला/ब्लॉक/तहसील स्तर के आंदोलन का संचालन फेडरेशन एवं महासंघ के द्वारा पदस्थ संयोजकों एवं विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों के आपसी समन्वय से प्रांत की भांति संचालित किया जावेगा।
3. जिला/ब्लॉक/तहसील स्तर पर आयोजित धरना, प्रदर्शन एवं रैली में टेंट, माईक इत्यादि व्यवस्था पर होने वाले व्यय का भुगतान स्थानीय स्तर पर गठित समन्वय समिति के निर्णय अनुसार निर्धारित सहयोग राशि वहन किया जावेगा।
4. प्रांतीय निकाय द्वारा अनेक बैठकों के बाद मांग पत्र तैयार किया गया है। अतः प्रांतीय इकाई का अनुसरण करते हुए मांग पत्र में बिना संशोधन के जिला/ब्लॉक/तहसील के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौपा जावेगा।
5. 7 जुलाई को आयोजित धरना, प्रदर्शन एवं रैली उपरांत मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौपा जावेगा। प्रांतीय इकाई द्वारा निर्धारित मांग पत्र जिला इकाई के द्वारा जिला कलेक्टर, ब्लॉक इकाई द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील इकाई द्वारा तहसीलदार को दिया जावेगा। मांग पत्र का प्रारूप संलग्न।
6. सभी जिला/ब्लॉक/तहसील इकाइयों को 7 जुलाई को होने वाले काम बंद आंदोलन सफल करने हेतु स्थानीय स्तर पर समस्त संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक 2 जुलाई 2023 तक आवश्यक रूप से किया जावे।
7. जिला/ब्लॉक/तहसील इकाइयों द्वारा विभिन्न शासकीय कार्यालयों में 3 जुलाई 2023 से टीम बनाकर आंदोलन को सफल करने के लिए प्रचार प्रसार हेतु भ्रमण कर अवकाश आवेदन पत्र भराकर संबंधित कार्यालय को दिया जावे।
8. प्रत्येक जिला इकाई द्वारा 4 एवं 5 जुलाई तक अवकाश आवेदन जमा होने की संख्यात्मक जानकारी प्रांतीय निकाय को अनिवार्यतः विभागवार उपलब्ध कराई जावे।
9. जिला/ब्लॉक/तहसील स्तर पर आयोजित धरना स्थल के मुख्य मंच पर प्रांतीय इकाई द्वारा निर्धारित फ्लैक्स लगाया जावेगा। मंच पर संयुक्त मोर्चा के फ्लैक्स के अलावा किसी अन्य संगठन का फ्लैक्स नहीं लगाया जावेगा। फ्लैक्स का प्रारूप संलग्न।

...कर्मचारी–अधिकारी एकता जिंदाबाद..

CS CamScanner